


Carpenter's monthly newspaper

# कारपेंटर्स न्यूज

www.carpentersnews.com

R.N.I.No.MAHHIN/2005/16460 | Postel Regd. No. MCW/321/2022-24
Posted at Delisle Road, Mumbai-400013. On 20th of Every month | Published on Every 10 th day of the month

मासिक समाचार पत्र

मुंबई | जून 2023 | वर्ष : 18 | अंक : 07 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 2 रुपए

बिना बिजली की चलेगी वुड कटर मशीन... पेज - 2



# बिना बिजली की चलेगी वुड कटर मशीन

**मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित सर छोटू राम इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक मैकेनिकल के विद्यार्थियों ने साइकिल के पेंडल से चलने वाली वुड कटर मशीन बनाई गई है। इस मशीन से लकड़ी के अलावा लोहे और स्टील को भी काटा जा सकता है। इस मशीन से जहां कारपेंटरों को वुड कटिंग करने में सहूलियत होगी, वहीं इसे पैर से चलाने पर उनका सेहत भी अच्छा रहेगा।**

स्टार्टअप नीति के तहत युवाओं द्वारा नए-नए प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। जिससे कि आम जनमानस को कम दरों पर बेहतर सुविधाजनक उपकरण उपलब्ध कराए जा सके। साइकिल के पेंडल से चलेगी वुड कटर मशीन सोलर पैनल के माध्यम से भी चलाने के लिए विद्यार्थी काम कर रहे हैं।

मशीन को बनाने वाले विद्यार्थी आर्यन, सुशील और शहजाद का कहना है कि जिस तरीके से कारपेंटरों द्वारा इलेक्ट्रिक मशीनों का उपयोग किया जाता है। इससे अधिक लागत आती है। वहीं छोटे कारपेंटर हाथ से लकड़ी स्टील सहित अन्य चीजों की



कटिंग करते हुए दिखाई देते हैं। लेकिन इस मशीन का उपयोग करेंगे तो एनर्जी भी बचेगी और अधिक खर्च भी नहीं होगा। इस मशीन से बिल्कुल साइकिल चलाते हुए ही पेंडल मारते हुए किसी भी चीज को आसानी से काटा जा सकता है। इन युवाओं को इस प्रोजेक्ट को तैयार करने में 3000 रुपये का खर्च आया है। हालांकि जब इसे बनाया जाएगा तो करीब 7000 रुपये तक में मशीन तैयार हो जाएगी। विद्यार्थी इस मशीन में सोलर पैनल लगाने का भी काम कर रहे हैं। जिससे कि इस मशीन को सोलर पैनल आधारित बना दिया जाए। इसके बाद इसको पेटेंट कराने का प्रोसेस शुरू किया जाएगा। सर छोटू राम इंजीनियरिंग कॉलेज में अध्ययन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं से ऐसे ही प्रोजेक्ट पर काम कराया जाता है। जिससे कि भविष्य में वह इंजीनियरिंग के क्षेत्र में बेहतर परफॉर्म कर पाए।



## कारपेंटर की बेटी का प्रदेश में 5वां स्थान

**सागर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड ने कक्षा 10वीं का रिजल्ट घोषित किया, जिसमें कक्षा 10 वीं में सागर की निधि अहिरवार ने 490 अंक हासिल कर प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। निधि के पिता वीरेंद्र अहिरवार फर्नीचर का काम करते हैं। निधि विश्व भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा है। रिजल्ट आने के बाद निधि के परिवार में खुशी का माहौल है। निधि ने बताया कि 10वीं में एडमिशन लेने के बाद से ही पढ़ाई शुरू कर दी, प्रतिदिन 3 से 4 घंटे तक पढ़ाई करती थी।

## महीने के अंतिम दिन कारपेंटर रखेंगे अवकाश

**सवाई माधोपुर।** कारपेंटर एसोसिएशन सवाई माधोपुर की आम सभा गणेश धाम पर एसोसिएशन के अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। एसोसिएशन के महामंत्री राजेश कुमार जांगिड़ ने बताया कि बैठक में विभिन्न प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। आम सभा में सदस्यता अभियान को गति देने, रेट लिस्ट की सख्ती से पालना करवाने व लागू करने तथा महीने के अंतिम दिन अवकाश रखे जाने के प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के सदस्यों ने अपने अपने विचार भी रखे। बैठक में सामूहिक भोज के बाद आम सभा का समापन हुआ।


## सेप्टिक टैंक में गिरने से कारपेंटर की मौत

**वाराणसी।** कंदवा में एक निर्माणाधीन मकान में फर्नीचर का काम कर रहे कारपेंटर की सेप्टिक टैंक में गिरने से मौत हो गई। किरहिया निवासी कारपेंटर पप्पू विश्वकर्मा (46) अपने एक हेल्पर के साथ उनके मकान में काम कर रहा था। शाम के समय काम से खाली होने के बाद हेल्पर सामान समेटने लगा और पप्पू हाथ धो रहा था। उसी दौरान पप्पू का पैर फिसला और वह सेप्टिक टैंक में गिर गया। इसके साथ ही टैंक के ऊपर एक प्लाईवुड भी गिर गई। इस वजह से टैंक का मुंह ऊपर से ढक गया। हेल्पर बाहर जाकर पप्पू को ढूंढा, लेकिन वह नहीं मिला। इस पर उसे लगा कि पप्पू घर चला गया है। जब टाइल्स लगाने वाले मजदूरों ने प्लाई हटाई तो टैंक में पप्पू का शव दिखा। इस संबंध में मंडुवाडीह थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल के समीप सीसी कैमरा लगा हुआ है। हादसे में कारपेंटर की जान गई।

## प्लाईवुड फैक्टरी में शार्ट सर्किट से आग लगी

**यमुनानगर।** खजूरी रोड पर स्थित पंजाब प्लाईवुड फैक्टरी में ड्रायर मशीन पर काम करते समय शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग भड़क गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। फैक्ट्री संचालक मधु कॉलोनी निवासी शशी गर्ग ने बताया कि पांच जून को सुबह के समय फैक्टरी में कर्मचारी काम कर रहे थे। ड्रायर मशीन पर काम करते समय शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगी। आग लगने से लाखों रुपए का सामान जल कर राख हो गया।

# नरसी कुलरिया की टीम ने किया नए संसद भवन का इंटीरियर डिजाइन





**नई दिल्ली।** नए संसद भवन का इंटीरियर कार्य नरसी ग्रुप ने किया गया है। नरसी ग्रुप द्वारा बनाई देश की इस धरोहर के आंतरिक साज सज्जा की तस्वीरें भी सामने आ गई है। देश के नए संसद भवन में राजस्थान के पत्थर से लेकर कारीगरों के साथ नरसी ग्रुप की अहम भूमिका है। नोखा निवासी उद्योगपति नरसी कुलरिया और उनके नरसी ग्रुप की टीम ऐतिहासिक भवन के निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। नरसी कुलरिया और उनकी 1000 से अधिक लोगो की टीम ने नए संसद भवन के आंतरिक साज सज्जा का काम किया है। नरसी कुलरिया टाटा के साथ लंबे समय से काम कर रहे है। इस संसद भवन के इंटीरियर में नरसी ग्रुप की कारीगरी देखने को मिलेगी।

## नए संसद के निर्माण में यहां से आया सामान

- बलुआ पत्थर राजस्थान के सरमथुरा से मंगवाया गया।
- लोकसभा कक्ष के अंदर स्थापित केसरिया हरा पत्थर राजस्थान के उदयपुर से लाया गया। राज्यसभा कक्ष के अंदर स्थापित लाल ग्रेनाइट अजमेर के लाखा से लाया गया। इसके अलावा राजस्थान के अंबाजी से सफेद मार्बल लाया गया।
- सागौन की लकड़ी महाराष्ट्र के नागपुर से मंगवाई गई।
- नए संसद भवन के अंदर लगा फर्नीचर मुंबई में तैयार किया गया।
- इमारत के आसपास के पत्थर से जाली का काम राजस्थान, नोएडा और उत्तर प्रदेश से लाया गया।
- स्टील से बने फाल्स सीलिंग स्ट्रक्चर दमन और दीव से खरीदे गए।
- अशोक प्रतीक को तराशने में इस्तेमाल सामग्री औरंगाबाद और जयपुर से लाई गई, सदनों के अंदर स्थापित दोनों अशोक चक्र इंदौर से मंगवाए गए।
- उदयपुर के आबू रोड के मूर्तिकारों ने पत्थर की नक्काशी का काम किया और पत्थर के समुच्चय कोटपूतली से लाए गए।

## नई संसद बनाने वाले बिमल पटेल

नए संसद भवन की डिजाइन दिग्गज वास्तुकार बिमल पटेल ने किया है। बिमल पटेल ने ही काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की भी डिजाइन की है। पटेल को 2019 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। बिमल हसमुख पटेल को शहरी डिजाइन और योजना का एक्सपर्ट माना जाता है। उन्हें और भी कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। बिमल मौजूदा समय में अहमदाबाद में सेंटर फॉर एनवायनमेंटल प्लानिंग एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष हैं। बिमल साल 2012 से इस विश्वविद्यालय का नेतृत्व कर रहे हैं। इसके अलावा वह एचसीपी डिजाइन प्लानिंग एंड मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख भी हैं, जिसकी स्थापना उनके पिता हसमुख पटेल ने 1960 में की थी।

# कारपेंटर्स न्यूज़

RNI NO. MAHHIN/2005/16460

संपर्क करें : Mo. 9320566633 | Email: carpentersnews@gmail.com

हमें फॉलो करें : Facebook.com/carpentersnews | Telegram: https://t.me/carpenters_news

मुंबई | जून 2023 | वर्ष : 18 | अंक : 07 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 2 रुपए


## क्राउन प्रिंस ने आर्किटेक्ट से की शादी

जॉर्डन के क्राउन प्रिंस हुसैन बिन अब्दुल्ला ने सऊदी की आर्किटेक्ट रजवा अल सैफ से शादी कर ली। अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन और ब्रिटेन के प्रिंस व प्रिंसेस ऑफ वेल्स विलियम और केट ने शादी में शिरकत की। 28 वर्षीय हुसैन को उनके पिता किंग अब्दुल्ला ने 2009 में अपना उत्तराधिकारी बनाया था।




# रामआसरे विश्वकर्मा, विश्वकर्मा समाज का सर्वमान्य नेता



रामआसरे विश्वकर्मा आज देश के राजनीतिक पटल पर जाना पहचाना नाम है। पूरे देश में रामआसरे विश्वकर्मा विश्वकर्मा समाज के सर्वमान्य नेता हैं जो विश्वकर्मा समाज की अलख को जगाये हुए हैं। इनकी प्राथमिक शिक्षा आजमगढ़ के अम्बारी में हुई। माध्यमिक शिक्षा श्री शंकरजी इंटर कालेज पुष्पनगर व इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एलएलबी किया और इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अधिवक्ता बनें।

रामआसरे विश्वकर्मा ने 1981 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ कार्यकारिणी के सदस्य बने और चौधरी चरण सिंह व मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में छात्र राजनीति शुरू किया। 1985 से पार्टी के अनेक पदों पर रह कर कार्य किया। 1992 में समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव बने। 1996 में समाजवादी पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के संयोजक बने, इस दौरान संसदीय बोर्ड, समाजवादी पार्टी में विशेष आमंत्रित सदस्य भी बने। 7 जुलाई 1998 को समाजवादी पार्टी के टिकट पर उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य बने। 6 अक्टूबर 2003 को मुलायम सिंह यादव के मंत्रिमंडल में इन्हें उच्च शिक्षा राज्य मंत्री बनाया गया। 7 जुलाई 2004 को समाजवादी पार्टी के टिकट पर फिर से विधायक बने। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विभिन्न समितियों के सदस्य रहे। 2009 में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की आवासीय परिवाद संबंधी जांच समिति के सभापति बनें। रामआसरे विश्वकर्मा को 2012 में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव पद पर मनोनीत किया गया। 2 अप्रैल 2015 को उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग (राज्य मंत्री स्तर) का अध्यक्ष बनाया गया। इस समय समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पद की जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए देश में समाजवादी आंदोलन को गति दे रहे हैं।

रामआसरे विश्वकर्मा हमेशा से राजनीति व सामाजिक विषयों पर अध्ययन करते रहे हैं। उन्होंने 1988 में बिखरे हुए विश्वकर्मा समाज को संगठित करने के लिए उत्तर प्रदेश विश्वकर्मा महासभा की स्थापना किया। इस संगठन की स्थापना के बाद उत्तर प्रदेश में विश्वकर्मा समाज खुलकर सामाजिक व राजनैतिक गतिविधियों में भाग लेने लगा और इस संगठन के बैनर तले विश्वकर्मा समाज अपने अधिकार के लिए संघर्ष किया। फलस्वरूप सरकार को विश्वकर्मा समाज के हित में कई योजनाओं को शुरू करना पड़ा। उत्तर प्रदेश में विश्वकर्मा समाज को संगठित करने के इस प्रयास की पूरे देश में खूब चर्चा हुई। देश भर में विश्वकर्मा समाज के प्रबुद्धजनों ने रामआसरे विश्वकर्मा से राष्ट्रीय स्तर पर विश्वकर्मा समाज का नेतृत्व करने व संगठन को राष्ट्रीय रूप देने की मांग की, जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए इस संगठन को अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा का नाम दिया।

अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा देश के उत्तराखंड, राजस्थान, छतीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, असम, महाराष्ट्र, गुजरात, मुंबई, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, गोवा राज्य में अपनी इकाई स्थापित की है, जहां पर संस्था के पदाधिकारी समाज हित में कार्य कर रहे हैं। रामआसरे विश्वकर्मा ने सरकार में रहते हुए विश्वकर्मा समाज के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किया, जिसमें श्री विश्वकर्मा महापूजा पर सार्वजनिक अवकाश, ग्रामीण क्षेत्रों में विश्वकर्मा समाज के लोगों को जीवकोपार्जन के लिए कार्यशाला व वर्कशाप के लिए जमीन दिए जाने, इंटर पास लोहार बढ़ई जाति के लड़कों को आईटीआई का प्रमाण पत्र जारी करने आदि प्रमुख है। रामआसरे विश्वकर्मा ने सरकार में रहते हुए समाज में पीड़ित परिवार को नहीं सिर्फ आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई बल्कि समाज पर उत्पीड़न व अत्याचार के खिलाफ संघर्ष भी किया। रामआसरे विश्वकर्मा को मुंबई में एक भव्य समारोह में विश्वकर्मा समाज के प्रतिष्ठित सम्मान 'श्री विश्वकर्मा समाज रत्न' से सम्मानित किया जा चुका है। देश की कई सामाजिक संस्थाओं ने भी विश्वकर्मा समाज के लिए उत्कृष्ट योगदान के लिए रामआसरे विश्वकर्मा को सम्मानित किया है।

**संकलन – गंगाराम विश्वकर्मा**

## रामआसरे विश्वकर्मा ने समाज का नाम रोशन किया

अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा देश की सबसे पुरानी सामाजिक संस्था है। इसके बाद कोलकाता में 1967 में अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा संस्था बनाई गई। संस्था के पहले अध्यक्ष मेहरचंद धीमान थे जबकि गोस्वामीदास जनरल सेक्रेटरी बनाये गए। इसके बाद जांगिड़, धीमान, रामगढ़िया, पांचाल के नाम से भी राष्ट्रीय संगठन बनाये गए। रामआसरे विश्वकर्मा सबसे पुरानी संगठन से बतौर सदस्य जुड़े हुए थे। रामआसरे विश्वकर्मा शुरू से ही सामाजिक कार्य के प्रति जुझारू रहे। अंबाला छावनी में आयोजित युवा सम्मेलन उनको बुलाया था। विश्वकर्मा समाज में रामआसरे विश्वकर्मा अच्छे वक्ता हैं। उनकी सबसे बड़ी खासियत बेदाग चरित्र का होना है। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रहते उन्होंने विश्वकर्मा समाज की भलाई के लिए कई योजनाओं को शुरू कराया। विश्वकर्मा महापूजा पर सार्वजनिक अवकाश एक बड़ी उपलब्धि रही। रामआसरे विश्वकर्मा ने देश भर में विश्वकर्मा समाज को संगठित करने का जो काम कर रहे हैं वह प्रशंसनीय है। अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के माध्यम से विश्वकर्मा समाज को एकसूत्र में जोड़ने के प्रयास की मैं दिल से सराहना करता हूं।

पी. आर. राजल, संपादक – विश्वकर्मा दूत (92 वर्षीय राजल अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के पुराने पदाधिकारियों में एकमात्र जीवित व्यक्ति हैं।)

## सेंट्रल विस्टा में राजस्थान की संपदा

नई संसद में राजस्थान का जलवा रहेगा। संसद में नीतियां बनाने वाले और सवाल के नाम पर बवाल उठाने वाले सांसद तो हारते जीतते रहेंगे, लेकिन नई संसद में राजस्थान से और भी बहुत कुछ है, जो सालों तक समय के साथ संसद में सदा स्थायी रहेगा। वैसे, संसद के नए भवन के शिलान्यास और उद्घाटन, दोनों अवसरों पर राजस्थान के कोटा से सांसद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का नाम तो आबाद रहेगा ही, साथ ही इसलिए भी की नई संसद में पहला भाषण भी एक राजस्थानी नेता ओम बिड़ला का ही हुआ।

नई संसद में राजस्थान और यहां की संपदा के समायोजन की समीक्षा की जाए तो दोनों सदनों में भारतीय गौरव के प्रतीक अशोक स्तंभ के निर्माण के लिए सामग्री जयपुर से गई है। बेजान पत्थरों को, अब बोले कि कब बोले जैसी सजीव सा कर देने वाली नक्काशी का खूबसूरत काम आबूरोड, पिंडवाड़ा और उदयपुर के मूर्तिकारों ने किया है। संसद के निर्माण में लगे पत्थर राजस्थान के कोटपूतली से पहुंचे और श्वेत व रक्ताभ सैंड स्टोन सरमथुरा का है। खूबसूरत ग्रीन मार्बल मेवाड़ के केसरियाजी से जाकर संसद भवन में लगा है, तो लाल ग्रेनाइट अजमेर के पास लाखा से ले जाकर संसद में लगाया गया है और सफेद संगमरमर सिरोही जिले के आबूरोड में गुजरात सीमा पर स्थित अंबाजी से सटी खानों से निकालकर सजाया गया है। इस तरह से नई संसद में लाल रंग की लाख जैसलमेर की लगी है, पत्थर में जालियां तराशने का काम राजस्थान के राजसमंद और पिंडवाड़ा के मार्बल कारीगरों ने किया है।

संसद में राजस्थान का जलवा यह है कि सदन के सदस्यों की शक्लें भले ही हर पांच साल में बदलती रहेंगी, लेकिन राजस्थान की बहुत सारी संपदा संसार में लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर की महत्ता बनकर वहां सदा सदा के लिए सजी रहेगी। राजस्थान से जाकर संसद के नए भवन में सदा के लिए स्थित हो गई ये संपदा, जब तक संसद रहेगी, राजस्थान के गर्व, गौरव और गरिमा का गुणगान करती रहेगी।

**– निरंजन परिहार**

**(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं)**




विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की तीन दिवसीय बैठक हरिद्वार स्थित संन्यास आश्रम में हुई। बैठक की अध्यक्षता संन्यास आश्रम के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज ने किया।

## भगवान राम के चरित्र निर्माण में छत्तीसगढ़ का योगदान: सीएम बघेल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि भगवान राम ने अपने वनवास के 10 वर्ष छत्तीसगढ़ में बिताए और उनके चरित्र निर्माण में छत्तीसगढ़ का भी योगदान है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या और माता शबरी का प्रदेश है। इसलिए भगवान राम हमारे भांजे हैं। बकौल बघेल, भगवान राम जब वन गए तो मर्यादा पुरुषोत्तम बन गए।




| POINT SLABS | ATOOT BANDHAN GIFTS |
|---|---|
| 3000 | Automatic Washing Machine |
| 4000 | Double Door Fridge |
| 6500 | 1.5 Ton Split AC |
| 10000 | Honda Activa 6g |



Since 1986
**Suzu**®
An ISO 9001:2015 Certified Company | CE Certified

36 Growing Years
INDIA'S 1ST STAINLESS STEEL SHACKLE Padlocks Series
INDIA'S 1ST S.S HINGES MANUFACTURER Hinges Series

# FROM THE DESK OF CEO

Suzu Steel (India) is one of the leading Companies of India who pioneered in manufacturing of Locks & Door hardware Fittings. Suzu brand was established in 1986 under the guidance of Mr. Sushil Bansal and Mr. Brijbhushan Bansal from Rohtak (Haryana). The company has made tremendous progress in terms of adding manufacturing plants as well as penetrating market all over India. We are proud to see that Mr. Animesh Bansal, Director & Mr. Sachin Bansal, Director both are very progressive and positive about the future of SUZU brand in India. Their guiding force during last few years, company has developed more than 400 direct distributors and wholesalers catering to every corner of India and more than 20000 retailers where SUZU is providing quality products services. We are doing well into the Government , Builders & institutions sectors. During last 3-4 years company has expanded in various ranges in exports all over the world.

SUZU means Quality and appreciated in trade, Institutionals, Government Departments & International Client. We are continuously improving our Quality, Services and multiplying our network worldwide. We are aiming to give our presence within Top 4 Hardware brands of India in next 5 years time. We sincerely thank all our clients, trade partners & consumers for patronizing SUZU brands for their needs of locks & door hardware items.



## Success Mantra

"Our entire Sales & Backup support team believe giving best quality & services to achieve consumer satisfaction" which is our success mantra.

**Vijay Kumar Dutta**
**C.E.O.**

~ Our Global Associates ~

DUBAI | GERMANY | U.K. | NEPAL | BANGLADESH | BHUTAN | SRI LANKA | NIGERIA | KENYA | TANZANIA

www.suzusteel.com | www.suzu.in

Find us on : Facebook Twitter Instagram LinkedIn YouTube Google Play App Store

# जीवन पर्यंत करूंगा समाजसेवा : बलवंत कटारिया

**जम्मू। बीएसएनएल के मंडल अभियंता पद से सेवानिवृत्त होने के बाद समाजसेवी बलवंत कटारिया ने कहा कि सेवानिवृत्त होकर सामाजिक मिशन को और प्रभावी तरीके से चलाऊंगा और विश्वकर्मा समाज व ओबीसी वर्ग के लिए अपने जीवन का शेष हिस्सा देना चाहूंगा। जम्मू कश्मीर के रहने वाले कटारिया 31 मई 2023 को अपनी नौकरी से सेवानिवृत हो गए। बीएसएनएल के सभागार में शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।**

## कारपेंटर के बेटे को मिला संचार सारथी अवार्ड



उन्होंने विदाई सम्मान समारोह में अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि मैं गरीब कारपेंटर का बेटा था। 9 साल की उम्र तक मुझे स्कूल भेजने में किसी ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई, मैंने स्कूल जाते हुए बच्चों को कहा कि मुझे भी स्कूल ले चलो।

बच्चों ने कहा कि उसके लिए एक किताब खरीदना होगा और एडमिशन फीस के तौर पर एक रुपया चाहिए। मैंने कहा की इन दोनों चीजों का इंतजाम कर लूंगा पर मुझे स्कूल में प्रवेश जरूर चाहिए। 1972 में स्कूल में दाखिला हो गया। 1981 में मैंने मैट्रिक पास की और 1983 में टेलीफोन ऑपरेटर की पोस्ट पर मेरा चयन हो गया लेकिन मैंने यह नौकरी ज्वाइन नहीं की और आगे पढ़ता गया। मैंने एमएससी केमिस्ट्री 1987 में पास कर ली और 1989 में एम फिल भी कर लिया। 1989 में मेरा दो सिलेक्शन हुआ। पहला जम्मू कश्मीर सरकार में अध्यापक की नौकरी और दूसरा टेलीकॉम विभाग में जूनियर टेलीकॉम ऑफिसर की। अध्यापक की नौकरी मात्र 20 दिन ही की और उसके बाद टेलीकॉम विभाग में जेटीओ ज्वाइन कर लिया।

जेटीओ की नौकरी ट्रेनिंग के बाद जम्मू कश्मीर में ही पोस्टिंग हुई। मैंने कड़ी मेहनत की और 1996 में मुझे संचार सारथी का अवार्ड में मिला। बलवंत कटारिया ने कहा कि 2003 की बात है कि जब जम्मू कश्मीर में मोबाइल टेलीफोन नेटवर्क लगाया जा रहा था तो मुझे कहा गया कि कश्मीर के बारामूला एक्सचेंज के टावर की ऊंचाई 10 मीटर बढ़ानी है। मैंने जम्मू के बन तलाव दफ्तर से लोहा उठाया, गाड़ी में भरकर अखनूर गया। वहां से फैब्रिकेट कराया और जम्मू से 400 किमी दूर बारामूला जाकर टावर के ऊपर फिट कर दिया। मैं समझता हूं कि मिस्त्री का बेटा होने के कारण ही मैं ऐसा कर पाया। इसके बाद अंबाला- कुरुक्षेत्र -सोनीपत- पानीपत - दिल्ली का माइक्रोवेव लिंक उखाड़कर उधमपुर - खंडीर- बनकोट -श्रीनगर में लगाना था। हमारी टीम ने मिलकर काम किया और असंभव काम संभव में बदल गया। सिस्टम को टेस्टिंग कराई और उस पर टेलीफोन की लाइनें चल पड़ी। यह मेरी बहुत बड़ी टेक्निकल अचीवमेंट थी।

# सीएम से मिला विश्वकर्मा समाज का प्रतिनिधिमंडल



**जयपुर।** विश्वकर्मा समाज का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलकर राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। गहलोत ने राज्य सरकार द्वारा स्किल्स यूनिवर्सिटी और एमएसएमई उद्यमियों के लिए 125 करोड़ की लागत से बन रहे टावर का नामकरण भगवान विश्वकर्मा के नाम पर करने की घोषणा की है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कारीगरों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग को महंगाई से राहत मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार को पूरे देश में जातिगत जनगणना करवानी चाहिए ताकि सभी समाजों को उनका हक मिल सके।

# कनाडा के जंगलों में लगी आग, 10 करोड़ लोग प्रभावित

**मुंबई। कनाडा के जंगलों में अब तक की सबसे भयंकर आग लगी हुई है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा है कि उनका मुल्क अपने ज्ञात इतिहास में सबसे बुरी जंगल की आग का सामना कर रहा है।**



कैनेडियन नेशनल फायर डेटाबेस के अनुसार 38 लाख हेक्टेयर से ज्यादा इलाका पूरी तरह झुलस चुका है, जो न्यूजर्सी के आकार से लगभग दोगुना है। आग के कारण करोड़ों पशु-पक्षी मारे गए हैं और बड़ी संख्या में इंसानों को भी अपने घर बाड़े छोड़ने पड़े हैं। समूचे कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका के कम से कम 10 करोड़ लोग कनाडा में लगी जंगल की आग के कारण गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का सामना कर रहे हैं।

कनाडाई जंगल की आग का यूएस ईस्ट कोस्ट और मिडवेस्ट में फैल गया है जिसके कारण प्रमुख हवाई अड्डों पर उड़ानें रोक दी गई है। मेजर लीग बेसबॉल ने हवा की खराब गुणवत्ता के कारण न्यूयॉर्क यैन्कीज और शिकागो व्हाइट सॉक्स के बीच होने वाले मैच के साथ साथ डेट्रॉयट टाइगर्स के खिलाफ होने वाले फिलिज के घरेलू मैच को स्थगित कर दिया। महिला टइअ और राष्ट्रीय महिला सॉकर लीग ने भी मैचों के स्थगन की घोषणा की है। संगीत की दुनिया में कोरीन बेली रे की शिरकत में ब्रुकलिन में होने जा रहे संगीत कार्यक्रम सीरीज की ओपनिंग नाइट को रद्द कर दिया गया है।



# 18 जून को उज्जैन में विराट विश्वकर्मा महायज्ञ

**उज्जैन।** ओम परब्रह्म ज्योति पीठ न्यास व भगवान विश्वकर्मा वंशज परिवार की ओर से बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में विश्व कल्याण हेतु विराट विश्वकर्मा, महामृत्युंजय, मां त्रिपुरा सुंदरी महायज्ञ, 108 कुंडीय महायज्ञ व राष्ट्रीय सनातन संत सम्मेलन का आयोजन किया गया है। झालरिया मठ, नरसिंह घाट पुल के पास रविवार 18 जून से शुक्रवार 23 जून 2023 तक आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में देश भर से संतगण व विश्वकर्मा समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

## फर्नीचर गोदाम में लगी आग

**पुणे।** भवानी पेठ इलाके में तड़के एक फर्नीचर गोदाम में आग लगने से लाखों रुपये का फर्नीचर जलकर राख हो गया। पुणे अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पुणे शहर के भवानी पेठ इलाके में सुबह करीब चार बजे एक फर्नीचर गोदाम में भीषण आग लग गई। सूचना मिलने पर आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 30 गाड़ियों को लगाया गया। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के तत्काल कारणों का पता नहीं चल पाया।


हरीसन
सुविधा
स्कीम
HARRISON
कारपेंटर
भाइयो के लिए
आकर्षक स्कीम आज ही
रजिस्टर्ड
करें और पाएं मौका अनेको
उपहार
जितने का
टोल फ्री नम्बर : 1-800-572-5795
Website: www.harrisonlocks.com | Find us on :
नॉट:- ऊपर दर्शायी गई फोटो सिर्फ उपहार को दर्शाने हेतु है मिलने वाला उपहार इनमे से भिन्न हो सकता है : रंग मॉडल इत्यादि।
बनो हरीसन का
Mr. आनंद
और रहो हमेशा आनंद में
मैं Mr. आनंद
हरीसन (Service Provider)
जब फायदे से हो प्यार तो फिर क्यों इंतज़ार
आज ही जुड़ें हरीसन Suvidha के साथ और
Locks & Hardware Solutions
पाओ अनेको उपहार
उपहार जितने की प्रक्रिया
स्टेप 1 हरीसन सुविधा एप्प डाउनलोड करें और लॉग इन करें
स्टेप 2 प्रोडक्ट पर लगे MPR स्टीकर को जमा करें हर एक MPR पर पॉइंट पाएं
स्टेप 3 निर्धारित पॉइंट्स जमा होने पर, उपहार जीते
चेयरमैन क्लब कारपेंटर
SMART LED TV WINNER
REFRIGERATOR WINNER
SMART PHONE WINNER
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
+91 9355015108
हरीसन सुविधा एप्प डाऊनलोड करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
हरीसन का Mr. आनंद मुख्य सेवा प्रदाता (Service Provider)
Mr. आनंद बनते ही पाएं अपने क्षेत्र के सारे कारपेंटर सम्बंधित कार्य सबसे पहले
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
www.harrisonlocks.com | email : Info@harrisonlocks.com
9355-015-108
R | P | Locks Company
Harrison House 13 & 14, Central Market, Punjabi Bagh (West), New Delhi-110026
E-mail: info@harrisonlocks.com / enquiry@harrisonlocks.com
Call 09310142401 for All India sale, Distributors & C&F Queries for institutional, Architects & Bulk Buyers Enquires
स्कैन करें लाभ उठाएं।

हरीसन
www.harrisonlocks.com

# हरीसन कर रहा है लगातार बड़े पैमाने पर कारपेंटर सम्मेलन एवम प्रशिक्षण

कारपेंटर एप्लिकेशन हमारे द्वारा नए आवेदकों के पंजीकरण के लिए शुरू किया गया है - कारपेंटर और उनकी हर गतिविधि की रिकॉर्डिंग फल देने वाली है। कारपेंटर की हमारी टीम कई गुना बढ़ गई है। बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं और ऐप के माध्यम से रिकॉर्ड में रखी जाती हैं। कारपेंटर के लिए विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन उपलब्ध हैं,







जिन्हें एप्लिकेशन के माध्यम से प्रकाशित और वितरित किया जाता है। प्रत्येक बैठक के दौरान सर्वोत्तम योगदानकर्ताओं को कुछ प्रकार के प्रोत्साहन वितरित किए जाते हैं, जो योजना के अनुसार नकद से लेकर टीवी, रेफ्रिजरेटर आदि और कई अन्य हैं। कारपेंटर का प्रचार/ विज्ञापन कारपेंटर के मासिक समाचार पत्र में मासिक आधार पर प्रकाशित किया जाता है, जो हर महीने की 10 तारीख को प्रकाशित होता है- और अन्य शहरों के अलावा दिल्ली में भी प्रसारित होता है। कृपया प्ले स्टोर पर उपलब्ध हमारे हरीसन सुविधा ऐप पर जाएं। बड़ी संख्या में कारपेंटरों ने हमारी हरीसन सुविधा योजना का लाभ उठाया है और **मोटर-साइकिल, टीवी/ फ्रिज/ वॉशिंग मशीन, एलईडी टीवी, स्मार्ट फोन सहित विभिन्न पुरस्कार जीते हैं, इसके अलावा 50,000 तक के नकद पुरस्कार भी जीते हैं।** हम अपने विभिन्न केंद्रों पर कौशल-विकास प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहे हैं, जिसमें **5-सितारा होटल, प्रदर्शनी हॉल,** वितरक के शो रूम और थोक विक्रेताओं/ डीलरों के स्थान शामिल हैं। कारपेंटर बड़ी संख्या में लाभान्वित हो रहे हैं और अत्यधिक पैमाने पर कौशल हासिल कर रहे हैं जिसके बारे में सोचा नहीं गया था। कारपेंटर का काम करने के इच्छुक अकुशल व्यक्ति भी हमारे अपने खर्चे पर कुशल हैं, यदि ऐसे व्यक्ति हमसे जुड़ना चाहते हैं।



उत्तराखंड खटीमा में हुआ कारपेंटर सम्मेलन :-

हरीसन ने 31 दिसंबर 2022 को खटीमा में कारपेंटर सम्मेलन का आयोजन किया। हरीसन ने इस शुभ अवसर पर निम्नलिखित कारपेंटर को पुरस्कार वितरण कर कारपेंटरों का उत्साह बढाया|



1 अजीज खान - 4k रियलमी एलईडी टीवी - 43 इंच - कीमत 25,000/- 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।



2 उस्मान - कीमत 17,500/- का सैमसंग रेफ्रिजरेटर। 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

3 रजनीश - व्हर्लपूल वॉशिंग मशीन की कीमत 14500/- से श. 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

4 नईम - 9000/- का सैमसंग स्मार्ट फोन। 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

5 सुनील कुमार - 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता। 3100/- का नकद पुरस्कार।



6 इकबाल अंसारी- 2100/- का नकद पुरस्कार। 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

7 प्रदीप 1100/- का नकद पुरस्कार। 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

कारपेंटर का काम करने के इच्छुक 128 अकुशल कारीगर को बुनियादी गतिविधियों का प्रशिक्षण देकर अपने खर्चे पर कुशल भी बनाया गया। हरीसन फर्नीचर उद्योग और अन्य सहायक उद्योगों के लिए प्रशिक्षित कारपेंटर की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सामाजिक सेवा कर रहा है- हरीसन सुविधा ऐप प्ले स्टोर पर उपलब्ध है जिसमें हरीसन में दिन-प्रतिदिन बढ़ई से संबंधित गतिविधियों का हर समय का विवरण है। क्योंकि कारपेंटरों को दिए जा रहे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दर्ज किए जाते हैं। कारपेंटर सम्मेलन भी नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं और आवेदन में दर्ज की जाती हैं। अभी तक लगभग 51,000 कारपेंटर वर्तमान में हरीसन के साथ जुड़कर कुशल हो चुकें हैं।



## कारपेंटरों ने लॉन्च की हरीसन मेन डोर लॉक

अलीगढ। हरीसन लॉक्स के नए मेन डोर लॉक की लॉन्चिंग कारपेंटरों के द्वारा की गई।



30 दिसम्बर को अलीगढ स्थित एक होटल में हरीसन ***"में हूँ मिस्टर आनंद स्कीम"*** की मीटिंग में उपस्थित फर्नीचर ठेकेदारों के बीच इस नए मेन डोर लॉक की लॉन्चिंग की गई। पहले में भी हरीसन लॉक्स के कई उत्पादों की लॉन्चिंग कारपेंटरों के द्वारा की जा चुकी है। हरीसन ***"में हूँ मिस्टर आनंद स्कीम"*** की मीटिंग में शामिल कारपेंटरों में लक्की ड्रा निकाली गई। लक्की ड्रा विजेता जुल्फिकार अहमद को रेफ्रिजरेटर देकर सम्मानित किया गया।





रेफ्रिजरेटर विजेता

सेफ्टी डिवीज़न में **देश का भरोसेमंद ब्रांड हरीसन** झल्द ही शुरू करने जा रही है कारपेंटर्स के लिए क्यू आर स्कैनिंग फीचर जिसके तहत अब कारपेंटर्स आसानी से जीत सकते है अनेकों उपहार मात्र क्यू आर स्कैन करके | कारपेंटर्स को हरीसन के प्रोडक्ट के पैकिंग के ऊपर लगे क्यू आर को स्कैन करना है स्कैन करते ही पूंजीकृत




कारपेंटर्स के प्रोफाइल आई डी पर पॉइंट अपने आप दर्ज हो जाएगा | यह सुविधा हरीसन ने कारपेंटर्स की सहूलियत के लिए किया है जिससे अब कारपेंटर्स को किसी भी प्रकार के प्रोडक्ट के पैकिंग की कट्टिंग रखने की आवश्यकता नहीं होगी | अब कारपेंटर्स मात्र क्यू आर स्कैन करके ही जीत सकते है अनेको उपहार|

## हरीसन न्यू लॉन्च प्रोडक्ट



















हरीसन लांच कर रही है
नए प्रोडक्ट्स लगातार बार बार नए नए सुधार के साथ

ADVT

# परमात्मा किसी से भी दूर नहीं : चैतन्य पुरी



अफजलगढ़। मोहल्ला किला स्थित मैदान में आयोजित कथा में श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्यपुरी महाराज ने कहा कि परमात्मा एक है। उनके नाम, उपासना, पद्धतियां विभिन्न हो सकती हैं। सभी एक ही सर्वशक्तिमान की संतान हैं, जो जीव मात्र का परम सुहृदय हितैषी है।

श्री हरि चैतन्य पुरी महाराज ने कहा कि सत्य को पहचानना, धर्म को पहचानना, दया को अपनाना, शांति मार्ग का चयन करना व क्षमादान में निपुणता ही परमात्मा का सत्य रूप है। सच्चा सुख, आनंद व शांति एकमात्र परमात्मा व अध्यात्म की शरण में ही है। उन्होंने कहा कि परमात्मा किसी से भी दूर नहीं है, लेकिन स्वार्थ के दलदल में फंसे इंसान की गति ऐसी है कि वह अपने भीतर स्थित परमात्मा को नहीं पहचान पा रहा है। उन्होंने कहा कि सत्य को पहचानना ही परमात्मा का सत्य रूप है। मत, पंथ व संप्रदाय विभिन्न हो सकते हैं, लेकिन धर्म एक ही है, जो हमें राष्ट्रीयता, नैतिकता, मानवता व पारस्परिक सौहार्द का संदेश देता है। जो आपस में लड़ना सिखाएं या हिंसा का संदेश दे, वह धर्म नहीं हो सकता।

चैतन्यपुरी महाराज ने कहा कि धर्म जोड़ता है तोड़ता नहीं। धर्म विज्ञान सम्मत है, ढकोसला नहीं। धर्म व विज्ञान एक दूसरे के पूरक हैं। धर्म से विज्ञान दूर होने पर ही ढोंग, पाखंड, अंधविश्वास व रूढ़िवादिताओं को बढ़ावा मिलता है। धर्म मात्र अनुष्ठान का नहीं अपितु आचरण का विषय है। जीवन का अभिन्न अंग बन जाए धर्म। हर क्रियाकलाप में जुड़ जाए धर्म तो समाज में व्याप्त बुराइयां, विकृतियां व विकार हमारे जीवन में प्रवेश नहीं कर पाएंगे।

## जायका इंडिया का

# चना कबाब

**चना प्रोटीन और फाइबर जैसे हेल्दी गुणों से भरपूर होता है। चने की सब्जी, चाट या चने की रोटी बनाकर लोग खाना पसंद करते हैं। चना के स्नैक से वजन घटाने से लेकर डायबिटीज को कंट्रोल करने में भी मदद मिलती है।**

सामग्री : 2 टुकड़े अदरक, 3 हरी मिर्च, 5 से 6 लहसुन की कलियां, 1/3 कप हरा धनिया, 2 कप चना, आधा कप सोयाबीन चंक, 1 प्याज (कटा हुआ), आधा कप ब्रेड क्रंब्स, स्वादानुसार नमक, 1 चम्मच गरम मसाला, 1 चम्मच धनिया पाउडर, 1/2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर, 1/2 चम्मच चाट मसाला, 2 चम्मच नींबू का रस, 4 चम्मच तेल।



विधि : चना कबाब बनाने के लिए सबसे पहले एक मिक्सर जार में 5 लहसुन की कलियां, 2 इंच अदरक और 3 हरी मिर्च ,आधा कप सोयाबीन चंक और 2 कप चने डालकर इन सारी चीजों को अच्छी तरह से पीसकर एक बाउल में निकाल लें। अब इसमें 1 प्याज बारीक काट कर डाल दें। इसमें आधा चम्मच गरम मसाला, 2 चम्मच नींबू का रस और आधा कप ब्रेड क्रंब्स डालें। अब इसमें स्वादानुसार नमक और बाकी के सारे मसाले डालकर मिलाएं। अब एक कढ़ाई में तेल डालकर गर्म करें। इसके बाद इसमें एक एक कर कबाब डालें। इनको मीडियम आंच पर दोनों तरफ से सुनहरा और क्रंची होने तक पकाएं। स्वादिष्ट चना कबाब बनकर तैयार हो चुका है, इसको चटनी या सॉस के साथ गर्मागर्म सर्व करें।



# डीह बाबा के मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार


**वाराणसी। मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के कोरीं गांव (रामसिंहपुर) में स्थित भुइयां डीह बाबा के मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया।**

मुंबई के कारोबारी हरिश्चंद्र विश्वकर्मा द्वारा लाखों रुपया खर्च कर इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराने के साथ ही सुंदरीकरण कराया गया। इसके पश्चात मंदिर पर रामायण पाठ का आयोजन कर प्रसाद वितरण हेतु भंडारे का आयोजन हुआ। प्रसाद वितरण का कार्यक्रम देर रात तक चला। कारोबारी के इस नेक पहल की चहुंओर चर्चा होती रही ।

भंडारे में वाराणसी भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक हंसराज विश्वकर्मा, ग्राम प्रधान प्रमोद गुप्ता, अशोक सिंह, सेवानिवृत्त फौजी प्रदीप सिंह, संजय मौर्य, दीनदयाल विश्वकर्मा, नंदकिशोर पटेल (अधिवक्ता), रमेश विश्वकर्मा, लवकेश विश्वकर्मा, बबलू सिंह, शैलेन्द्र सिंह 'पिंटू' (पत्रकार), बालता प्रसाद, मनीष विश्वकर्मा, मिंटू समेत बड़ी संख्या ग्रामीण पहुंचे।

## ओशो वाणी

# ध्यान का अर्थ है होश



**तुम जो कुछ भी होशपूर्वक करते हो वह ध्यान है। कर्म क्या है, यह प्रश्न नहीं, किन्तु गुणवत्ता जो तुम कर्म में ले आते हो, उसकी बात है। चलना ध्यान हो सकता है, यदि तुम होशपूर्वक चलो। बैठना ध्यान हो सकता है, यदि तुम होशपूर्वक बैठ सको। पक्षियों की चहचहाहट को सुनना ध्यान हो सकता है, यदि तुम होशपूर्वक सुन सको। या केवल अपने भीतर मन की आवाजों को सुनना ध्यान बन सकता है, यदि तुम जाग्रत और साक्षी रह सको।**

**पहला चरण** : होश के लिए पहला चरण है अपने शरीर के प्रति पूर्ण होश रखना। धीरे-धीरे व्यक्ति प्रत्येक भाव-भंगिमाओ के प्रति, हर गति के प्रति होशपूर्ण हो जाता है। जैसे ही तुम होशपूर्ण होने लगते हो, एक चमत्कार घटित होने लगता है। अनेक बातें जो तुम पहले करते थे, सहज ही गिर जाती हैं। तुम्हारा शरीर ज्यादा विश्रामपूर्ण, ज्यादा लयबद्ध हो जाता है। शरीर तक में एक गहन शांति फैल जाती है, शरीर में एक सूक्ष्म संगीत फैल जाता है।

**दूसरा चरण** : फिर अपने विचारों के प्रति होशपूर्ण होना शुरू करो। जैसे शरीर के प्रति होश को साधा, वैसे ही अब विचारों के प्रति करो। विचार शरीर से ज्यादा सूक्ष्म हैं, और फलतः ज्यादा कठिन भी हैं। जब तुम विचारों के प्रति जागोगे, तब तुम आश्चर्यचकित होओगे कि भीतर क्या-क्या चलता है। यदि तुम किसी भी समय भीतर क्या चलता है उसे लिख डालो, तो तुम चकित होओगे। तुम भरोसा ही न कर पाओगे कि भीतर यह सब क्या चलता है। फिर दस मिनट के बाद इसे पढ़ो-तुम पाओगे कि भीतर एक पागल मन बैठा हुआ है। चूंकि हम होशपूर्ण नही होते, इसलिए यह सब पागलपन अंतर्धारा की तरह चलता रहता है। यह प्रभावित करता है, जो कुछ तुम करते हो उसे या जो कुछ तुम नहीं करते उसे। सब कुछ प्रभावित होता है। और इन सब का जोड़ ही तुम्हारा जीवन बनने वाला है। इसलिए इस भीतर के पागल व्यक्ति को बदलना होगा। और होश का चमत्कार यह है कि तुम्हें और कुछ भी नही करना है सिवाय होशपूर्ण होने के। इसे देखने की घटना मात्र ही इसका रूपांतरण है। धीरे-धीरे यह पागलपन विसर्जित हो जाता है। धीरे-धीरे विचार एक लयबद्धता ग्रहण करने लगते हैं। उनकी अराजकता हट जाती है और उनकी एक सुसंगतता प्रकट होने लगती है। और फिर एक ज्यादा गहन शांति उतरती है। फिर जब तुम्हारा शरीर और मन शांतिपूर्ण हैं तब तुम देखोगे कि वे परस्पर भी लयबद्ध हैं, उनके बीच एक सेतु है। अब वे विभिन्न दिशाओं में नहीं दौड़ते। अब वे दो घोड़ों पर सवार नही होते। पहली बार भीतर एक सुख-चैन आया है और यह सुख-चैन बहुत सहायक होता है। तीसरे तल पर ध्यान साधने में और वह है अपनी अनुभूतियों और भाव दशाओं के प्रति होशपूर्ण होना।

**तीसरा चरण** : यह सूक्ष्मतम तल है और सबसे कठिन भी। लेकिन यदि तुम विचारों के प्रति होशपूर्ण हुए हो, तब यह केवल एक कदम आगे है। कुछ ज्यादा गहन होश और तुम अपने भावों और अनुभूतियों के प्रति सजग हो जाओगे। एक बार तुम इन तीन आयामों में होशपूर्ण हो जाते हो, फिर ये तीनों जुड़कर एक ही घटना बन जाते हैं। जब ये तीन एक साथ हो जाते हैं। एक साथ क्रियाशील और निनादित हो उठते हैं, तब तुम इनका संगीत अनुभव कर सकते हो, वे तीनों एक सुरताल बन जाते हैं। तब चौथा चरण तुरीय घटता है। उसे तुम कर नहीं सकते। चौथा अपने से होता है। यह समग्र अस्तित्व से आया उपहार है। जो प्रथम तीन चरणों को साध चुके हैं, उनके लिए यह एक पुरस्कार है।

**चौथा चरण** : चौथा चरण होश का चरम शिखर है, जो व्यक्ति को जाग्रत बना देता है। व्यक्ति होश के प्रति जागरूक हो जाता है। व्यक्ति बुद्ध हो जाता है। जाग जाता है। और इस जागरण में ही अनुभूति होती है कि परम आनंद क्या है। शरीर जानता है देह-सुख, मन जानता है प्रसन्नता, हृदय जानता है हर्षोल्लास और चौथा, तुरीय जानता है आनंद। आनंद लक्ष्य है संन्यास का, सत्य के खोजी का और जागरूकता है उसके लिए मार्ग।

महत्व की बात है कि तुम जागरूक हो कि तुम होशपूर्ण होना भूले नहीं हो, कि तुम साक्षी हो, द्रष्टा हो, सचेत हो। और जैसे-जैसे देखने वाला, द्रष्टा ज्यादा सघन, ज्यादा थिर, ज्यादा अकंप होने लगता है, एक रूपांतरण घटित होता है। दृश्य विसर्जित होने लगते हैं। पहली बार द्रष्टा स्वयं दृश्य बन जाता है। देखने वाला स्वयं दृश्य हो जाता है। तुम घर वापस आ गए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक-गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा द्वारा 306, दिघे नगर को आप हाउसिंग सोसायटी, फितवाला रोड, एलफिन्स्टन (वेस्ट), मुंबई-40013 से प्रकाशित एवं एस आर पब्लिकेशन, मोहन अर्जुन कम्पाउंड, गाला नम्बर-8, 9, 10, घर्टनपाढा, वैशाली नगर लास्ट बस स्टॉप, नियर भारत गैस गोडाउन, दहिसर (ईस्ट), मुंबई- 400068 से मुद्रित। संपादक - गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा* RNI NO. MAHHIN/2005/16460 मो. 09320566633. (सभी विवादों का निपटारा न्यायक्षेत्र केवल मुंबई न्यायालय के अधीन होगा. *पी. आर. बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# कारपेन्टर/कोन्ट्राक्टर भाइयों के लिये टोकन / कटर मशीन / ड्रील मशीन ऑफर

EURO® 7000
SYNTHETIC WOOD ADHESIVE

अब
800 Gm
पाउच में उपलब्ध





ड्रम पैक साइज
800 Gm X 70 Pouches

| ड्रम पैक | ऑफर |
|---|---|
| यूरो एडहेसिव WP 2IN1 के एक ड्रम पर पाइये स्पेशल ऑफर 800 Gm X 70 Nos | 15 Rs. टोकन / पाउच अथवा कटर मशीन अथवा ड्रील मशीन |

15 Rs/-
टोकन / पाउच

अथवा




अथवा




JYOTI RESINS & ADHESIVES LIMITED
www.euro7000.com

# E3 ग्रुप : एलिवेटिंग क्राफ्ट्समैनशिप

1990 में **E3** ग्रुप के अध्यक्ष और सीईओ श्री संजय गर्ग द्वारा स्थापित दिल्ली में प्लाईवुड सेगमेंट में एक छोटे उद्यम की स्थापना के साथ शुरू हुई थी। 33 वर्षों की अवधि में **E3** ग्रुप भारत में पीवीसी एज बैंड टेप्स, क्लैड्स पैनल्स, आर्टिफिशियल ग्रास, एसीपी/एचपीएल, पीवीसी लैमिनेट्स, पेपर लैमिनेट्स, एक्रेलिक लैमिनेट्स और हाई ग्लॉस पैनल्स का अग्रणी निर्माता बन गया है। **E3** ग्रुप का देश भर में 5000 से अधिक डीलर नेटवर्क है। **E3** के उत्पाद विश्व स्तरीय गुणवत्ता में विश्वास करता है। **E3** ग्रुप देश भर में चैनल भागीदारों के एक विस्तृत नेटवर्क के साथ भारत में इंटीरियर उत्पादों का शीर्ष निर्माता है। समूह देश भर में अपनी उत्पादन सुविधाओं में विभिन्न प्रकार के आंतरिक और बाहरी उत्पादों का उत्पादन करता है। समूह की कंपनियां पीवीसी एज बैंड, यूवी पैनल, कृत्रिम घास, क्लैड सीमलेस पैनल, एसीपी, एचपीएल, लैमिनेट्स आदि का उत्पादन कर रही है।



# भारतीय फर्नीचर इंडस्ट्रीज E3 ग्रुप मेक इन इंडिया के सपने को साकार कर रही है



## प्रतिदिन 5 लाख मीटर एज बैंडिंग का उत्पादन

E3 एज बैंडिंग तकनीक में सबसे आगे रहा है, जो अत्याधुनिक समाधान पेश करता है। E3 एज बैंडिंग उच्च गुणवत्ता वाले पैनलों के किनारों को सुंदरता के साथ मजबूती सुनिश्चित करता है, उनकी सुंदरता और सुसंगतता को बढ़ाता है। भारत में एज बैंड टेप्स के अग्रणी आपूर्तिकर्ता के रूप में E3 ने कई महत्वपूर्ण उन्नतियां पेश की हैं। उदाहरण के लिए 50 मीटर की पैकिंग की पेशकश करने वाले एशिया के पहले विनिर्माण उद्योग हैं, जो नवाचार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रस्तुत करता है। वर्षों से E3 ने खुद को एज बैंडिंग बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है। E3 प्रतिदिन 5 लाख मीटर से अधिक का एज बैंडिंग उत्पादन करता है और विश्व स्तर पर अपने परिचालन का विस्तार करता है।

## एज बैंडिंग तकनीक

फर्नीचर निर्माण के उपयोग में प्रयोग की जाने वाली प्लाईवुड या एमडीएफ की धार की सतह पर एज बैंड लगाने की प्रक्रिया एज बैंडिंग कहा जाता है। एज बैंडिंग लगाने से प्लाईवुड या एमडीएफ की धार मजबूती के साथ फर्नीचर की सुंदरता बढ़ जाती है।

## कंपनी का मूल मंत्र

उत्पाद की उच्च गुणवत्ता की प्रस्तुति कंपनी का मूल मंत्र है। लंबे समय में फलने-फूलने के लिए व्यवसायों को उत्पाद मूल्य पर केंद्रित रहना चाहिए। उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रचनात्मक दिमाग और नवीन तकनीकों की आवश्यकता होती है। हमारा मिशन अत्याधुनिक और भरोसेमंद बाहरी और आंतरिक समाधान 'मेड इन इंडिया' पेश करना है जो इमारतों की इंटीरियर और एक्सटीरियर सुंदरता को मजबूती के साथ बढ़ाता है।

## नए नवाचार और तकनीक

इस वर्ष ग्रुप की कंपनियां एज बैंडिंग टेप में नए पैटर्न और शेड्स की एक नई रेंज लायी हैं। E3 ग्रुप के अध्यक्ष और सीईओ श्री संजय गर्ग ने बताया कि हम आवासीय और कार्यालय स्थानों की सुंदरता को निखारने के लिए अपने नए ऑल-वेदर हढ़ए एक्सटीरियर क्लैड पैनल और रंगीन लूवर लैंडस्केप घास भी लांच कर रहे हैं और मॉड्यूलर किचन और वार्डरोब। इसके अलावा E3 HPL नई एंटी-फेडिंग तकनीक और विभिन्न पैटर्न और रंग विकसित कर रहा है, जिसमें नए पैटर्न प्रदर्शित हो रहे हैं। इंटीरियर क्लैड और लैमिनेट्स लुभावना फ्लूटेड डिजाइन के साथ लांच किया गया है। E3 ग्रुप नए नवाचार या प्रौद्योगिकी अपनाने के मामले में उत्पाद श्रृंखला को विकसित करने की दिशा में निरंतर प्रयास करता रहता है। एज बैंडिंग टेप, एचपीएल और क्लैड बनाने के लिए नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जाता है। ग्रुप ने हाल ही में रंगीन घास लांच की है, जो एशिया में पहली बार है। हमारे नए लांच किए गए डब्ल्यूपीई (वुड पॉलीथीन) बाहरी पैनल सभी मौसम प्रतिरोधी हैं, जो बारिश, अत्यधिक गर्मी, ठंड और बर्फबारी के लिए डिजाइन किए गए हैं और 10 वर्ष के वारंटी के साथ आते हैं। हम बाजार में एबीएस एज बैंडिंग टेप भी पेश कर रहे हैं और हाल ही में ऐक्रेलिक लैमिनेट्स लांच किए हैं। E3 में हम अपने हर उत्पाद के माध्यम से इनोवेट, इंस्पायर और इम्पैक्ट करते हैं।



# समाज भवन का उपयोग समाज के विकास कार्य के लिए हो

## विश्वकर्मा भवन के उद्घाटन अवसर पर बोले गडकरी

नागपुर। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितीन गडकरी ने कहा है कि समाज के नाम पर बनने वाले समाज भवन का उपयोग सामाजिक उत्थान के लिए किया जाना चाहिए। अखिल भारतीय विश्वकर्मामय विकास मंडल, नागपुर की ओर से 3 जून 2023 को ग्रेट नाग रोड, संत जगनाडे चौक पर नवनिर्मित विश्वकर्मा भवन के उद्घाटन समारोह में गडकरी ने कहा है कि समाज भवन का उपयोग सिर्फ मंगल कार्यालय के तौर पर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ घर बनाने से समाज नहीं बदल सकता। बच्चों को अच्छे संस्कार और अच्छे नागरिक बनने से घर का माहौल भी अच्छा रहता है।




गडकरी ने कहा है कि समाज में महिलाओं के लिए शैक्षणिक विकास कार्यक्रम होना चाहिए। समाज में जो युवा विद्यार्थी हैं उनके लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम के साथ शिक्षा के लिए कई उपक्रम चलाये जा सकते हैं। समाज में डॉक्टर, वकील, पत्रकार, उद्योगपति बनाने में समाज भवन का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जहां समाज भवन बनता है वहां आपसी मनमुटाव भी शुरू हो जाता है इसलिए हमें संकल्प लेना होगा कि हमारे लिए समाज का विकास प्राथमिकता होगा। समाज के गरीब तबके को रोजी रोटी के साथ उसकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने में समाज भवन का उपयोग किया जाना चाहिए। समारोह में दक्षिण नागपुर विधायक मोहन मते, विधायक सुधाकर कोहले, नागपुर के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक धोटे ने भी विचार रखे।

इस अवसर पर अखिल भारतीय विश्वकर्मामय विकास मंडल के अध्यक्ष विष्णुपंत मोरेकर, उपाध्यक्ष अशोकराव पातुरकर, उपाध्यक्ष सुरेंद्र निलटकर, कोषाध्यक्ष विजय खिरपूरकर, कार्यकारिणी सदस्य मधुकर खंडाळकर, मनोज आकोटकर, पांडुरंग येलकर, विष्णुजी लोणकर, अशोकराव खेडकर, ज्ञानेश्वर बालापुरे, विद्या राऊत, लता वझेकर, चित्रा नानोटकर, कल्पना आसटकर, बांधकाम समिती सदस्य, घटना दुरुस्ती समिती सदस्य, महिला मंडल सदस्य, सदाशिव हिवळेकर, अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा महाराष्ट्र अध्यक्ष शंकरराव चुरागले आदि सहित बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजन में मनीष माणुसमारे का विशेष सहयोग रहा।



### विश्वकर्मा भवन सामाजिक एकता का प्रतीक

अखिल भारतीय विश्वकर्मामय विकास मंडल की ओर बनाया गया विश्वकर्मा भवन सामाजिक एकता का प्रतीक है। 12 हजार वर्ग फीट की जमीन पर 8 हजार वर्ग फीट का कंस्ट्रक्शन हुआ है। दो मंजिले इस भवन के एक तल की क्षमता दो हजार व्यक्ति की है। भवन के पास ही भगवान विश्वकर्मा जी का मंदिर बनाया गया है। अखिल भारतीय विश्वकर्मामय विकास मंडल की स्थापना 1962 में की गई थी। श्री विश्वकर्मा जयंती और श्री विश्वकर्मा महापूजा के अलावा संस्था की ओर से कई सामाजिक कार्य प्रति वर्ष होते रहते हैं। विश्वकर्मा भवन के तल मंजिल का निर्माण विश्वकर्मा समाज के लोगों के आर्थिक सहयोग से हुआ है, जबकि प्रथम तल के निर्माण में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितीन गडकरी के सांसद निधि से 25 लाख रुपये मिला है। दक्षिण नागपुर के विधायक मोहन मते के विधायक निधि से मिले 10 लाख रुपये से फ्लोरिंग का काम किया गया है। ज्ञातव्य हो नागपुर में विश्वकर्मा समाज का एक और भवन है जिसे लोहार भवन के नाम से जाना जाता है। रामेश्वरी चौक स्थित लोहार भवन के निर्माण में लता मंगेशकर ट्रस्ट से 15 लाख रुपए और सांसद विलास मुत्तेवार के सांसद निधि से 10 रुपये मिला था।



EURO 7000
SYNTHETIC WOOD ADHESIVE

Featured with
Blazing Fast Dry Quality




मजबूत जोड
हमारे रिश्तों का...

Jyoti Resins & Adhesives Ltd. www.euro7000.com

CESCO

कारपेंटर भाईओं की पहली पसंद



PREMIUM QUALITY NAILS
BY CESCO INDUSTRIES

+91-9820352335
www.cescoindustries.in




OZONE
FOR A SAFER WORLD

OZOSTARS 2.0 एप्प पर रिवार्ड्स पाना
अब और भी आसान!

OZOSTARS 2.0
एक पहल, अपनों के साथ!
लॉयल्टी
प्रोग्राम

Ozostars लॉयल्टी प्रोग्राम हुआ अब और भी बड़ा और बेहतर! पेश है Ozostars 2.0 – ओज़ोन लॉयल्टी प्रोग्राम की अपग्रेडेड एप्प, जिसमे मिलते हैं पॉइंट्स, वाउचर्स, और कई नए फीचर्स जो बनाता है पॉइंट्स रिडीम करना और भी आसान!

कैसे रजिस्टर और रिडीम करें:

- Ozostars 2.0 एप्लिकेशन खोलें और सेल्फ–साइनअप पर क्लिक करें। अपना फोन नंबर दर्ज करें और GET OTP पर क्लिक करें। प्राप्त हुए OTP को दर्ज करें और SUBMIT पर क्लिक करें।
- आवश्यक फील्ड भरें, उन्हें अपना पंजीकरण पूरा करने के लिए सबमिट करें और **500 बोनस अंक प्राप्त करें**। अधिक अंक अर्जित करने के लिए SCAN QR CODE पर क्लिक करें और स्कैन करने के लिए टैप करें।
- Ozostars 2.0 पर प्रोडक्ट QR CODE को स्कैन करने के लिए अपने कैमरे का उपयोग करें।
- अपने पॉइंट्स को रिडीम करने के लिए, **"अपने पॉइंट्स को रिडीम करें"** पर क्लिक करें और कोई भी रिडेम्पशन विकल्प चुनें। प्राप्त हुए OTP और पॉइंट्स को दर्ज करें।




Ozostars 2.0 अपग्रेडेड एप्लीकेशन आपको BHIM, UPI और PayTM के माध्यम से पैसे रिडीम की सुविधा देती है, जिससे आप बहुत आसानी से कभी भी अपने कैश रिवार्ड्स रिडीम कर सकते हैं।

तो जल्द से जल्द Ozostars 2.0 पर अपग्रेड करें और अपनी मेहनत की कमाई का आनंद लें।

www.ozone-india.com
ओज़ोस्टार्स ऐप डाउनलोड करने के लिए स्कैन करें

# परवीन बॉबी की बायोपिक में दिखेंगी उर्वशी रौतेला



उर्वशी रौतेला ने कांस फिल्म फेस्टिवल 2023 में अपनी अदाओं का जलवा बिखेरा था। अब एक्ट्रेस ने अपने फैंस के साथ एक बड़ा अपडेट शेयर किया है। उर्वशी रौतेला जल्द ही अभिनेत्री परवीन बाबी की बायोपिक में नजर आएंगी। जाहिर है कि पिछले कुछ सालों से फिल्म इंडस्ट्री में बायोपिक बनाने का दौर चल गया है। एक्ट्रेस ने खुद एक पोस्ट के जरिए बताया कि वह पर्दे पर परवीन बाबी की बायोपिक लेकर आ रही है। उर्वशी ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर शेयर की जिसमें लिखा है फिल्म बाय वसीम एस खान। आगे बोल्ड लेटर्स में परवीन बाबी का नाम लिखा है और साथ ही दो पैराग्राफ हैं, जिसमें लिखा है कि ये फिल्म एक्ट्रेस के फिल्मी करियर के साथ साथ उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में बताएगी। उसके सुनहरे पलों को पर्दे पर पेश करेगी। गौरतलब है कि दिग्गज एक्ट्रेस परवीन बाबी ने अपने करियर की शुरुआत 1972 में मॉडलिंग से की थी। 1973 में उन्होंने फिल्म चरित्र से अपने फिल्मी करियर शुरुआत की। जिसके बाद परवीन ने एक से बढ़कर फिल्मों में काम किया। 22 जनवरी 2005 को एक्ट्रेस अपने फ्लैट में मृत पाई गई थी।

# मिर्जापुर में दिखेगी ईशा तलवार की दबंगई

वेब सीरीज मिर्जापुर के तीसरे सीजन का फैंस को लंबे समय से इंतजार है। पहले दो सीरीज इतनी हिट रही कि विलेन मुन्ना भैया की डेथ ने तक दर्शकों को रुला दिया। खबर है कि मुन्ना भैया मरे नहीं हैं, अगले सीजन में उनकी झलक देखने को मिल सकती है। मिर्जापुर 3 की शूटिंग काफी पहले से शुरू हो गई है। फैंस को अगर इंतजार है तो बस इसकी रिलीज डेट का। मिर्जापुर 3 में कई सारे राज से पर्दा उठने वाला है। फैंस के मन में यह सवाल है कि क्या मुन्ना भैया की पत्नी माधुरी, गुड्डू भैया से उनकी मौत का बदला लेगी। माधुरी के रोल में ईशा तलवार को काफी पसंद किया गया। चेहरे पर मासूमियत और स्वभाव में दबंगई रखने वाली माधुरी को मुन्ना भैया के लिए बिल्कुल परफेक्ट माना गया। एक्ट्रेस ने दिए गए एक इंटरव्यू में इस बात की ओर इशारा किया है कि नेक्स्ट सीजन में वह गुड्डू भैया और गोलू से अपने पति की मौत का बदला लेने वाली हैं। कालीन भैया के साथ भी उनका रिश्ता देखने लायक होगा। शो की ऑफिशियल रिलीज डेट को लेकर कोई जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।



## सिद्धि विनायक मंदिर पहुंचे सारा अली खान व विक्की कौशल

सारा अली खान व विक्की कौशल ने सिद्धि विनायक मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की जिसका वीडियो सामने आया है। वीडियो में पुजारी सारा व विक्की को तिलक लगाते व चुनरी ओढ़ाते नजर आ रहे हैं। वीडियो में ऐक्टर्स वहां मौजूद दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटते दिख रहे हैं।



## श्वेता ने ढाया कहर

श्वेता तिवारी आए दिन अपनी ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। हाल ही में श्वेता तिवारी ने इंस्टाग्राम पर अपने लेटेस्ट लुक्स की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो बेहद ही हॉट दिखाई दे रही हैं। इन तस्वीरों में श्वेता तिवारी रेड कलर की पोल्का डॉट्स वाली बॉडीकॉन आउटफिट पहनी हुई है। श्वेता ने अपने लुक को लाइट मेकअप और ओपन हेयर के साथ कंप्लीट किया है। श्वेता तिवारी स्विमिंग पुल के किनारे अपने कर्वी फिगर को फ्लॉन्ट करते हुए पोज देती नजर आ रही हैं। श्वेता तिवारी का ये अंदाज उनके प्रशंसकों को खूब पसंद आ रहा है।



## मेरे पौधे मेरा परिवार

जैकी श्रॉफ ने विश्व पर्यावरण दिवस पर कहा कि मेरे पौधे मेरा परिवार और मेरे लिए पालतू जानवर जैसे हैं। इन्हें भी पानी और छाया की जरूरत होती है, हमें इनका पालन पोषण और देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे हमें ऑक्सीजन देते हैं इसलिए वे हमारे अच्छे दोस्त हैं, आइए इस धरती को एक खूबसूरत बाग बनाएं।



## शकुनी मामा नहीं रहे

महाभारत में शकुनी मामा की भूमिका निभाने के लिए चर्चित अभिनेता गुफी पेंटल का मुंबई के अस्पताल में निधन हो गया। पेंटल के भतीजे हितेन पेंटल ने कहा कि उनका हार्ट फेल हुआ था। पेंटल लंबे समय से बीमार चल रहे थे और हालत बिगड़ने पर उन्हें 31 मई को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



# जॉर्जिया ने लगाया ग्लैमर का तड़का



अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी अपनी हॉटनेस और खूबसूरती को लेकर चर्चा में रहती हैं और आए दिन अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। जॉर्जिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ट्रेडिशनल आउटफिट में कुछ तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही है। जॉर्जिया ने कैप्शन में लिखा है कि हर खुशी से हर गम से बेगाना होता है। जॉर्जिया अपने बॉडी कर्व्स और पतली कमर को फ्लॉन्ट करती हुई अलग अलग पोज देती दिखाई दे रही हैं। जॉर्जिया जल्द ही वेलकम टू बजरंगपुर में अभिनेता श्रेयस तलपड़े के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करेंगी।

# जुबैर बनीं ड्रीम घर की मालकिन

जन्नत जुबैर ने 21 साल की उम्र में अपना नया आशियाना बना लिया है। अब वो खुशी से फूली नहीं समा रही है। जन्नत जुबैर ने अपना करियर कुछ वर्षों पहले ही शुरू किया है। वह कई पॉपुलर शो और वीडियो में नजर आ चुकी है। पिछले वर्ष उन्होंने एक बिल्डिंग की तस्वीर शेयर की थी। जिस पर काम चल रहा था। अब उन्हें उनके घर का पजेशन मिल गया है। उन्हें अपने पिता जुबैर अहमद रहमानी और भाई अयान जुबैर के साथ घर के



आगे खड़े होकर पोज देते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। यह मेरे लिए एक आशीर्वाद की तरह है। मैंने अपने परिवार के सपोर्ट और दर्शकों के प्यार के कारण कर दिखाया है। कई लोगों ने मेरी इस यात्रा में सहयोग किया है। जन्नत जुबैर ने 2011 में फुलवा शो से डेब्यू किया था। इसके बाद वह काफी फेमस हुई थी। उन्होंने कई शो में काम किया। उन्हें रोहित शेट्टी के रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 12 में भी देखा गया था।


OZONE®
FOR A SAFER WORLD
बेहतर प्रोग्राम, बड़े रिवार्ड्स
OZO STARS 2.0
एक पहल, अपनों के साथ!
लॉयल्टी
प्रोग्राम
Ozostars 2.0 लाया है नए भुगतान की सुविधा जैसे
BHIM BHARAT INTERFACE FOR MONEY | UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE और Paytm
ओज़ोस्टार्स ऐप डाउनलोड करें और लॉगिन करें
Scan QR Code
Tap to Scan
प्रोडक्ट बॉक्स में लगे QR कोड को स्कैन करें
Redeem Points
Redeem
नया फ़ीचर
निर्धारित पॉइंट्स जमा होने पर, रिडीम करें
*नियम व शर्तें लागू
तो बस ओज़ोस्टार्स ऐप पे QR कोड्स स्कैन करते जाइए और ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाते जाइए।
ओजोस्टार्स ऐप डाउनलोड करने के लिए स्कैन करें
www.ozone-india.com